RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 29 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 256 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

**बीएमसी ने प्रॉपर्टी टैक्स भरने की डेडलाइन 31 दिसंबर तय की**



Page - 3

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## 5 साल के बच्चे की पानी की टंकी में डूबने से मौत, मामला दर्ज किया

**मुंबई:** मालवणी पुलिस ने एक पड़ोसी के खिलाफ लापरवाही के कारण पांच वर्षीय बच्चे की पानी की टंकी में डूबने से मौत का मामला दर्ज किया है। घटना 16 दिसंबर को हुई थी और 26 दिसंबर को लड़के के पिता द्वारा पड़ोसी मोहम्मद सिद्दीकी के खिलाफ शिकायत दर्ज किए जाने के बाद मामला दर्ज किया गया था। एफआईआर के अनुसार, 45 वर्षीय मोहम्मद शेख और मोहम्मद सिद्दीकी मालवणी के म्हाडा कॉलोनी में रहने वाले पड़ोसी हैं। दोनों परिवारों के बीच अच्छे संबंध थे और शेख के तीन बच्चे अक्सर सिद्दीकी के घर पर खेलते थे। 16 दिसंबर को शाम 4 से 8 बजे के बीच शेख का 5 वर्षीय बेटा अब्दुल रहमान सिद्दीकी के घर खेलने गया था। सिद्दीकी के घर की दूसरी मंजिल की छत पर काले रंग का पानी से भरा टैंक था। उस दिन छत का दरवाजा खुला था और टैंक खुला हुआ था।

## वैध दस्तावेजों के बिना रहने के आरोप में 16 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई/जालना: मुंबई में पुलिस एक बार फिर एक्शन में आ गई है, जहां एटीएस की टीम ने बांग्लादेशियों के खिलाफ अभियान चलाया है और बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।**



महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भारत में अवैध रूप से घुसने और वैध दस्तावेजों के बिना रहने के आरोप में छह महिलाओं सहित 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी और बताया कि एटीएस द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान के दौरान इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने कहा, ''नवी मुंबई, ठाणे और सोलापुर में पुलिस की मदद से पिछले 24 घंटे में कार्रवाई की गई। हमने सात पुरुषों और छह महिलाओं को गिरफ्तार किया है।''

**फर्जी दस्तावेज हासिल कर घुसे**

उन बाग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत तीन मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''इन बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके किसी तरह आधार कार्ड जैसे भारतीय दस्तावेज हासिल कर लिए थे।''

एक अधिकारी ने शनिवार को जानकारी दी और बताया कि एटीएस और पुलिस के संयुक्त दस्ते ने शुक्रवार रात जालना जिले से तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। आरोपी भोकरदन तालुका में क्रशर मशीनों पर काम कर रहे थे। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान उन्हें अनवा और कुंभारी गांवों से गिरफ्तार किया गया।

**विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज**

प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि तीनों ने फर्जी पहचान पत्र बनवाए थे ताकि वे भारत में अवैध रूप से काम कर सकें। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे पिछले दो साल से अवैध रूप से महाराष्ट्र में रह रहे थे। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और विदेशी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बदला लेने के लिए अर्धनग्न वीडियो बनाकर लाखों रुपए लूटे...



**महाराष्ट्र:** मुंबई में 27 वर्षीय युवक का अपहरण कर उसका अर्धनग्न वीडियो बनाकर लाखों रुपए ऐंठने के आरोप में शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित ने अपराध के मुख्य आरोपी के खिलाफ कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार करने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद आरोपी को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। बताया गया है कि इसी का बदला लेने के लिए आरोपियों ने यह अपराध किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के नाम एग्नल एस गोम्स और आदित्य राजश्री बडेकर हैं। गोम्स और शिकायतकर्ता एक ही जगह काम करते थे। गोम्स और 27 वर्षीय पीड़िता एक कॉल सेंटर में साथ काम करते थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मैनेजर गोम्स लोगों को अपनी मर्जी से काम करने के लिए मजबूर करता था, जिसके चलते पीड़िता ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। बाद में अप्रैल में गोम्स को नौकरी से निकाल दिया गया। पुलिस के मुताबिक, गोम्स बदला लेना चाहता था और उसने शिकायतकर्ता की हरकतों पर नजर रखनी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि उसका दोस्त बाडेकर भी अक्सर उसके साथ रहता था। मालवणी थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र नागरकर ने बताया, ''गुरुवार की सुबह 27 वर्षीय युवक काम से घर लौट रहा था। उसे कैब में छोड़ने के बाद बाडेकर पहले उसके पास आया, जिसके बाद दोनों ने शिकायतकर्ता की बुरी तरह पिटाई की।'' इतना ही नहीं, दोनों पीड़ित को अंधेरी के एक कॉल सेंटर में भी ले गए, ताकि वहां के कर्मचारियों को दिखा सकें कि वह बदला ले रहा है, नागरकर ने आगे बताया। बाद में, दोनों आरोपी पीड़ित को दूसरी जगह ले गए और उसे 12 घंटे से अधिक समय तक बंद रखा।

## कांदिवली पोइसर मेट्रो स्टेशन के पास एक्ट्रेस की कार ने दो मजदूरों को मारी टक्कर... हादसे में एक की मौत

**मुंबई :** एक्ट्रेस की कार ने दो मजदूरों को टक्कर मार दी. हादसे में एक की मौत हो गई है जबकि दूसरा



मजदूर बुरी तरह घायल हो गया. वहीं, कार में सवार अभिनेत्री उर्मिला कानेटकर के साथ उनका ड्राइवर भी जख्मी है. पुलिस ने बताया कि अभिनेत्री उर्मिला कानेटकर अपनी शूटिंग खत्म कर घर लौट रहीं थीं. पुलिस के मुताबिक कार का एयर बैग सही समय पर खुलने से एक्ट्रेस की जान बच गई. घटना मुंबई के कांदिवली इलाके में पोइसर मेट्रो स्टेशन के पास की है. जब तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे मेट्रो का काम करने वाले दो मजदूर को टक्कर मार दी, जिसमें एक की जान चली गई.

**ड्राइवर के नियंत्रण खोने के बाद कार हादसा**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात अभिनेत्री उर्मिला अपनी शूटिंग खत्म कर अपनी कार से घर जा रही थी, तभी तेज रफ्तार होने के कारण कार के ड्राइवर का नियंत्रण गाड़ी से छूट गया. मुंबई की समतानगर पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है.

**मुंबई के घाटकोपर में 27 दिसंबर को सड़क हादसा**

इससे पहले मुंबई के घाटकोपर इलाके में शुक्रवार (27 दिसंबर) को सड़क हादसा हुआ था. इस दौरान एक टेंपो ने 5-6 लोगों को टक्कर मार दी थी. इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई. वहीं, कई लोग जख्मी हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस अधिकारी के मुताबिक, टेंपो ड्राइवर ने अपनी गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया था, जिसकी वजह से गाड़ी घाटकोपर के चिराग नगर इलाके में स्थित मार्केट में घुस गया, जहां पर काफी लोग शॉपिंग कर रहे थे.

## नये साल में रडार-टॉप्ड इंटरसेप्टर का उपयोग करके यातायात उल्लंघनकर्ताओं को पकड़ा जाएगा

**मुंबई :** जनवरी 2025 में वार्षिक सड़क सुरक्षा सप्ताह के लिए लॉन्च किए जाने वाले हाई-टेक वाहनों के नए सेट में उपग्रहों की मदद से रडार-टॉप्ड इंटरसेप्टर का उपयोग




करके यातायात उल्लंघनकताओं को पकड़ा जाएगा. मोटर वाहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह देश में पहली बार है कि इस तरह के वाहन खरीदे जा रहे हैं, और हम अब रडार और अन्य परिधीय वस्तुओं को स्थापित करने पर काम कर रहे हैं. रडार तकनीक एक वाहन के बजाय पूरे चिह्नित क्षेत्र में अपराधियों को पकड़ लेगी.

अधिकारी ने कहा, ''हमारी मौजूदा तकनीक हमें एक समय में एक वाहन तक सीमित रखती है. इस नई तकनीक से हम उन सभी को एक साथ पकड़ पाएंगे.'' डेटाबेस में दर्ज उल्लंघनों में हेलमेट न पहनना, सीट बेल्ट न लगाना, तेज गति से वाहन चलाना आदि जैसे अपराध शामिल हैं. जहां तक नवीनतम नई तकनीक वाले वाहनों का सवाल है, परिवहन विभाग ने लगभग 69 महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन खरीदे हैं, जिन्हें नवीनतम तकनीक से लैस किया जाएगा.

रडार में 'वाहन' सॉफ्टवेयर से डेटा एंबेड किया जाएगा, जिससे 1.5 किलोमीटर दूर से भी वाहन की गति की जांच करना संभव हो जाएगा. मिड-डे ने पहले बताया था कि आरटीओ फ्लाइंग स्क्वॉड के पास पहले से ही 187 इंटरसेप्टर वाहन हैं, जो स्पीड गन और सड़क सुरक्षा के लिए अन्य प्रमुख उपकरणों से भी लैस हैं. उन इंटरसेप्टर पर लगे कैमरे 500 मीटर से अधिक की दूरी पर वाहनों की नंबर प्लेट का पता लगा सकते हैं. शहर का परिवहन विभाग आगे 27 और वाहन खरीदने की योजना बना रहा है, ताकि हर आरटीओ कार्यालय को कवर किया जा सके. महाराष्ट्र के परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार ने इस बात की पुष्टि की है.

# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## घरेलू प्रवासन में आई कमी...

एक अनुमान के मुताबिक तकरीबन 40 करोड़ भारतीय देश में ही प्रवासन करते हैं और एक अध्ययन बताता है कि यह 2011 की पिछली जनगणना में देश में प्रवासन के आंकड़ों से 11.78 फीसदी कम है। इसके परिणामस्वरूप प्रवासन दर जो 2011 में आबादी की 37.64 फीसदी थी, 2023 में कम होकर 28.88 फीसदी रह गई है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी अध्ययन देश में प्रवासन और शहरीकरण के रुझानों को समझने में बहुत मददगार साबित हो सकता है। आधिकारिक आंकड़ों पर निर्भर रहने के बजाय अध्ययन उच्च तीव्रता वाले आंकड़ों का इस्तेमाल करता है। मसलन ट्रेनों में अनारक्षित यात्रियों की संख्या, मोबाइल फोन के रोमिंग आंकड़े और जिलावार बैंकिंग आंकड़े। वह इनकी मदद से यह समझने का प्रयास करता है कि प्रवासन किस प्रकार हो रहा है। देश में प्रवासन की बात करें तो यह मुख्य रूप से ग्रामीण गरीबों या देश के कम विकसित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए एक किस्म की पलायन रणनीति होती है ताकि वे अपनी स्थिति बेहतर बना सकें। हालांकि अक्सर यह उनकी आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर पाती। ऐसे में घरेलू प्रवासन आमतौर पर असमान विकास रणनीतियों और क्षेत्रीय असमानता का नतीजा होता है।

जैसा कि अध्ययन दर्शाता है, प्रवासन में कमी को इस तरह भी देखा जा सकता है कि शायद इन प्रवासियों के मूल निवास वाली जगहों पर आर्थिक हालात और अवसरों में सुधार हुआ हो। यह भी माना जा सकता है कि वे जगहें देश के सामाजिक-आर्थिक विकास से लाभान्वित हुई हों। इसके साथ ही यह बड़ी शहरी बसाहटों में कमजोर होते आर्थिक अवसरों का भी परिणाम हो सकता है जिसके चलते संभावित मजदूर अपने घरों को रुक कर वहीं आजीविका के अवसर तलाश करते हों या फिर वे अपने घर के आसपास के राज्यों में काम करने जाते हों। राज्यवार अंतर एक दिलचस्प तस्वीर पेश करता है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल मिलकर करीब आधे यानी 48 फीसदी प्रवासी श्रमिक भेजते हैं। इसी के साथ महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु मिलकर 48 फीसदी प्रवासी श्रमिकों का ठिकाना बनते हैं। परंतु इन राज्यों में भी संबंधित राज्यों को जाने वाले प्रवासियों का प्रतिशत कम हो गया है। महामारी के दौरान उलट प्रवासन के स्पष्ट प्रमाण देखने को मिले लेकिन प्रतिबंध समाप्त होने के बाद लोग वापस शहरों और औद्योगिक ठिकानों की ओर वापस लौटे। हालांकि यह वापसी अभी भी महामारी के पहले वाले स्तर तक नहीं पहुंच सकी है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में 26 गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर... 3 फरार



**मुंबई :** एनसीपी नेता और शहर की नामचीन हस्तियों में शामिल बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच जल्द ही चार्जशीट दायर करने की तैयारी में हैं. बताया जा रहा है कि मामले की जांच कर रहे मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी कुछ दिनों में चार्जशीट दायर करेगी. बताया जा रहा है कि इस मामले में कुल 26 गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की जाएगी जिसमें तीन आरोपियों को फरार बताया जाएगा जिनके नाम शुभम लोनकर, जीशान अख्तर और लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई है. सूत्रों ने यह भी दावा किया कि मुंबई क्राइम ब्रांच को हत्या की वजह को लेकर अब तक कोई ठोस चीज नही मिली है. मुम्बई क्राइम ब्रांच ने रफ्फ डिस्प्यूट एंगल की भी जांच की पर पुलिस के हाथ ऐसा कुछ नही लगा जो इस ओर इशारा करे कि हत्या की वजह रफ्फ प्रोजेक्ट रही होगी.

**सलमान खान के करीबी थे बाबा सिद्दीकी**

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस फिलहाल हत्या की वजह मान कर चल रही है कि बाबा सिद्धीकी सलमान खान के करीबी थे. मुंबई पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि जितनी भी गिरफ्तारियां हुई है वो सभी एक्जीक्यूशन लेवल पर जुड़े आरोपी हैं जिन्हें यह नही पता कि क्यों मारा जा रहा है? उन्होंने इस हत्या को अंजाम सिर्फ उन्हें मिले टास्क की वजह से किया.

**हत्या की कोई और वजह नहीं दिख रही**

पुलिस का कहना है कि जबतक इस मामले में फरार आरोपी शुभम लोनकर और जीशान अख्तर गिरफ्तार नहीं होते तब तक हत्या की कोई और वजह नहीं दिख रही है. बता दें कि मुंबई के बांद्रा में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. उनकी हत्या उस वक्त की गई थी जब वह अपने बेटे और बंद्रा के विधायक जीशान सिद्दीकी से उनकी ऑफिस में मिलकर निकल रहे थे. गोली लगने के बाद उन्हें घाटकोपर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. जहां डॉक्टर्स की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है.

# मटका- जुआ अड्डों पर पुलिस की कार्रवाई, जुआरियों में हड़कंप...!

**भिवंडी :** भिवंडी पुलिस उपायुक्त परिमंडल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहे मटका जुआ अड्डों पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। साल के अंतिम चरण में इन अड्डों पर सख्ती बढ़ाते हुए पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी की। शहर के तिरुपति अस्पताल के सामने और भंगारवालों की गली में खाली जगह पर मटका जुआ खेले जाने की सूचना पर भिवंडी शहर पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया और उनके पास से 5,180 रुपये की रकम जब्त की। इन सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस की अचानक कार्रवाई से जुआ खेलने आए लोग भागने के लिए इधर-उधर दौड़ते नजर आए। पुलिस की ऐसी सख्ती आगे भी जारी रहेगी।

# 34 हजार की दवा के लिए 14 लाख गंवाए...

## कापुरबावडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज




**मुंबई :** मधुमेह के इलाज के लिए ऑनलाइन 34,500 रुपये की दवा खरीदने वाली एक 32 वर्षीय युवती साइबर ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने दवा छुड़ाने के नाम पर अलग-अलग बहाने बनाकर उससे कुल 14 लाख 50 हजार 879 रुपये ठग लिए। इस मामले में युवती ने कापुरबावडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दो महीने पहले युवती ने एक वेबसाइट पर एक खास कंपनी की दवा खोजी थी। वेबसाइट से उसे संदेश मिला कि दवा उपलब्ध है, जिसके बाद उसने 34,500 रुपये ऑनलाइन भुगतान कर दवा का ऑर्डर दिया।

ऑर्डर के दो दिन बाद उसे व्हाट्सएप पर संदेश मिला कि दवा पुर्तगाल सीमा शुल्क विभाग में अटकी हुई है और उसे छुड़ाने के लिए 20,564 रुपये भेजने होंगे। युवती ने तुरंत यह राशि ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। इसके बाद दवा छुड़ाने के नाम पर विभिन्न विभागों जैसे सीमा शुल्क, टैक्स, बीमा, सड़क सुरक्षा, और खाद्य व औषधि प्रशासन से जुड़े शुल्कों का हवाला देकर अलग-अलग समय पर उससे पैसे मांगे गए। इस तरह ठगों ने कुल 14 लाख 50 हजार 879 रुपये वसूल लिए। कुछ दिनों बाद फिर उसे दवा रोकने का नया संदेश मिला और अतिरिक्त पैसे मांगे गए। इस बार युवती को शक हुआ और उसने सीमा सुरक्षा बल के कार्यालय में जाकर जांच की। वहां उसे पता चला कि ऐसी कोई दवा रोकी ही नहीं गई है।

# ट्रांबे से गिरफ्तार आतंकी मामले में पुलिस ने भेजे समन्स



**मुंबई :** मुंबई के ट्रांबे इलाके में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा बब्बर खालसा इंटरनेशनल के कार्यकर्ता जतिंदर सिंह की गिरफ्तारी के बाद मुंबई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार 25 दिसंबर को पुलिस ने क्रेन कंपनी गिल एंटरप्राइजेज के मालिक अमरजीत सिंह के बेटे वरिंदर सिंह से जतिंदर की नौकरी के बारे में पूछताछ की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वरिंदर ने दावा किया है कि जतिंदर को सिफारिश के आधार पर क्रेन ऑपरेटर के तौर पर नौकरी पर रखा गया था। उसे नौकरी पर रखने से पहले उसने दिल्ली, लखनऊ और वसोर्वा-घाटकोपर मेट्रो में परियोजनाओं के लिए जतिंदर के लाइसेंस और अनुभव प्रमाण पत्रों की जांच की। वरिंदर ने जतिंदर से जुड़े दस्तावेज भी मुहैया कराए। जिनकी पुलिस फिलहाल जांच कर रही है। मुंबई पुलिस ने मानखुर्द मेट्रो साइट के प्रोजेक्ट मैनेजर अमरजीत सिंह और गिल एंटरप्राइजेज के अन्य कर्मचारियों समेत कई लोगों को समन जारी किया है। पुलिस ने उन्हें 29 दिसंबर को ट्रॉम्बे पुलिस स्टेशन में पेश होने को कहा है। जांच का उद्देश्य सितंबर से मेट्रो साइट पर काम कर रहे जतिंदर सिंह के बारे में और जानकारी जुटाना है।

# नए साल की पार्टी में शराब पर लिमिट...

**मुंबई :** लोग अभी से नए साल का जश्न मनाने की योजना बनाना रहे हैं। सभी 31 दिसंबर और एक जनवरी की पार्टी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर पर जश्न मनाएंगे, जबकि कई लोग होटल या रिसॉर्ट्स में नए साल का स्वागत करने का प्लान बना रहे हैं। होटल और रिसॉर्ट्स की पार्टियों में एक आम बात होती है जाम छलकाना। हालांकि, महाराष्ट्र में इस बार नए साल के जश्न को लेकर कुछ अहम बदलाव किए गए हैं। नए साल पर शराब पर नई पाबंदी लगाई गई है। 31 दिसंबर की रात होटल और रिसॉर्ट्स में चार पैग से अधिक जाम नहीं छलका पाएंगे। होटल एसोसिएशन का कहना है कि इस कदम के पीछे लोगों को सुरक्षित रखने की कोशिश है। शराब की अधिकता से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। खासकर पार्टी के बाद जब लोग घर लौटते हैं। इसी वजह से होटल एसोसिएशन ने यह फैसला लिया है कि ग्राहक केवल चार पैग तक ही शराब पी सकते हैं, ताकि वे नशे में कोई गलती न करें।

# मनपा का राज्य सरकार पर 10 हजार 500 करोड़ का बकाया...

## सरकार के 26 विभागों 22 साल से नहीं दिया बीएमसी का बकाया

**मुंबई :** मनपा प्रशासन इस समय मुंबई में लगभग दो लाख करोड़ के प्रोजेक्ट कर रही है। मनपा को प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए बैंकों में रखे फिक्स डिपॉजिट के पैसे को उपयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मनपा का राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के पास लगभग साढ़े दस हजार करोड़ का बकाया है। मनपा के बार- बार मांग के बावजूद सरकार के पास से कोई जवाब नहीं मिल रहा है।

बता दें कि एक समय मनपा का फिक्स डिपॉजिट लगभग 93 हजार करोड़ पहुंच गया था। लेकिन आज मनपा की ऐसी हालत है कि मनपा का विभिन्न बैंकों में फिक्स डिपॉजिट 81 हजार करोड़ रह गया है। मनपा अधिकारियों की मानें तो अप्रैल आखिरी तक बैंकों में जमा फिक्स डिपॉजिट और घटकर 79 हजार के करीब आने की संभावना है। मनपा अधिकारियों ने बताया कि मानसून के बाद कई प्रोजेक्ट अब शुरू हो गए हैं, जिनका बिल फरवरी महीने से आने लगेगा।



**शिक्षा विभाग के पास 6 हजार करोड़ का बकाया**

मनपा को चल रहे प्रोजेक्ट के पैसे देने के लिए बैंकों में जमा फिक्स डिपॉजिट में जिस का समय पूरा हुआ रहेगा वह पैसा ठेकेदारों को देना पड़ेगा। इस बीच मनपा का राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के पास लगभग साढ़े दस हजार करोड़ का बकाया बना हुआ है। मनपा का राज्य के शिक्षा विभाग के पास ही लगभग 6 हजार करोड़ का बकाया बना हुआ है। उसके बाद प्रॉपर्टी टैक्स 2 हजार 300 करोड़ का बकाया बना है। राज्य सरकार ने वर्ष 2002 से 31 मई 2024 तक सरकार ने मनपा का 9674 करोड़ रुपये बकाया नहीं जमा किया था। जो अब बढ़कर 10 हजार 500 करोड़ पहुंच गया है।

**प्रॉपर्टी टैक्स का बकाया 2300 करोड़**

मनपा का मुंबई के नागरिकों के पास पैसा बकाया होने पर तत्काल उन पर कार्रवाई की जाती है लेकिन सरकार के पास बने बकाया वसूलने के लिए सिर्फ पत्राचार कर खानापूर्ति की जाती है। मनपा के बकाएदारों में सरकार के 26 विभाग शामिल हैं। इसमें सर्वाधिक शिक्षा विभाग के पास 6700 करोड़ रुपया बकाया है जबकि उसके बाद प्रॉपर्टी टैक्स का बकाया 2300 करोड़ है और 1900 करोड़ रुपये नगर विकास विभाग पर बकाया है। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि मार्च 2020 से 30 जून 2022 के दौरान कोरोना से निपटने में जो खर्च किया गया है उसी के तहत 1942 करोड़ रुपया जिलाधिकारी (शहर और उपनगर) और 1958 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ती राज्य सरकार के एसडीआरएफ डिपार्टमेंट से मंडप को मिलना बाकी है।

# नए साल की पूर्व संध्या पर मुंबई में 14,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात



**मुंबई :** 31 दिसंबर को गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव, गिरगांव चौपाटी, जुहू बीच और बांद्रा के बैंडस्टैंड सहित लोकप्रिय स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने की उम्मीद है। पूरे देश में नए साल के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। नए साल के उत्सव को देखते हुए मुंबई पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नए साल की पूर्व संध्या पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मुंबई में 14,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि 31 दिसंबर को गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव, गिरगांव चौपाटी, जुहू बीच और बांद्रा के बैंडस्टैंड सहित लोकप्रिय स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने की उम्मीद है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए 12,048 कांस्टेबल, 2,184 अधिकारी, 53 सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी), 29 पुलिस उपायुक्त (एसीपी) और 8 अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रैंक के अधिकारी तैनात किए जाएंगे। राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) की टुकड़ियां, त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी), बम डिटेक्शन और डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस), दंगा नियंत्रण पुलिस और होमगार्ड के जवान भी सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। महत्वपूर्ण सड़कों पर पुलिस चेकपोस्ट लगाई जाएंगी और शहर में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह मुंबई के कुर्ला इलाके में स्थित स्क्रैप और प्लास्टिक सामग्री के गोदामों में भीषण आग लग गई।

# बॉम्बे हाई कोर्ट से आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संदिग्ध आतंकी फैजल मिर्जा को जमानत

**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट से आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संदिग्ध आतंकी फैजल मिर्जा को जमानत मिली। उस पर आतंकवादी प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान जाने का आरोप है। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने उसे 2018 में गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और मंजूषा देशपांडे की पीठ के समक्ष फैजल मिर्जा की ओर से वकील मतीन शेख और वकील मुस्कान शेख की दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ ने याचिकाकर्ता को जमानत देते हुए अपने फैसले में कहा कि लंबे समय तक हिरासत में रखने की तुलना में जमानत के जरिए न्याय बेहतर होगा।



कानून में यह एक सर्वविदित सिद्धांत है कि जल्दबाजी में किया गया न्याय दफनाए जाने के समान है। पीठ ने यह भी कहा कि लंबित गवाहों और कार्यभार के कारण निकट भविष्य में मुकदमे का समापन संभव नहीं है। मिर्जा को 50 हजार रुपए के निजी मुचलके और उसी राशि के एक या दो जमानतदारों पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है।

मिर्जा मई 2018 में गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक हिरासत में था। कोलकाता स्पेशल टास्क फोर्स से मिली सूचना के बाद एटीएस ने उसे गिरफ्तार किया था। एनआईए अधिकारियों ने आरोप लगाया कि मिर्जा के रिश्तेदार और अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के सहयोगी फारूक देवड़ीवाला ने मिर्जा की दुबई और कराची की यात्रा में मदद की थी, जिसमें फंड और एयरलाइन टिकट सहित लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की गई थी। यह मामला बाद में 2018 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दिया गया। एनआईए के वकील संदेश पाटिल और चिंतन शाह ने दलील दी कि इस मामले में 25 गवाहों ने गवाही दी है।

# कल्याण-डोंबिवली नगर निगम ने रात्रि में चलाया स्वच्छता अभियान



**भिवंडी :** वर्तमान समय में हर जगह होने वाली धूल प्रदूषण की समस्या को कम करने के लिए कल्याण डोंबिवली मनपा आयुक्त के निर्देशन में पिछले महीने से यानी रात 10 बजे से 3 बजे तक मनपा क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह विशेष सफाई अभियान 4 पावर स्वीपिंग मशीन, 200 कर्मचारियों की सहायता से चलाया जा रहा है। रात में गहरी सफाई और सुबह में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा कूड़ा उठाने की योजना बनाई गई है। नगर निगम के अपर आयुक्त हर्षल गायकवाड़ ने बताया कि प्रत्येक पावर स्वीपिंग मशीन के पीछे 50 कर्मचारियों की टीम रखकर गहन सफाई की जा रही है। इन पावर स्वीपिंग मशीनों की धूल संग्रहण क्षमता लगभग 3 टन है और मशीन द्वारा सड़क से धूल को उड़ने से रोकने के लिए पानी के छिड़काव से सुसज्जित हैं। साथ ही सड़क में डिवाइडरों को धोने के लिए हाई प्रेशर जेट स्प्रे की व्यवस्था भी की गई है. यह मशीन सक्शन के सिद्धांत पर आधारित है, और सड़क से धूल और मिट्टी को सक्शन सिस्टम के माध्यम से अवशोषित किया जाता है और मशीन के पिछले टैंक में एकत्र किया जाता है। इन ट्रेनों को केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत लिया गया है और चूंकि पावर स्वीपिंग मशीन सीएनजी पर चलती है, इसलिए धुएं से होने वाले प्रदूषण को रोका जाता है।

# ठाणे में नौकरी के लिए फर्जीवाड़े का भी खुलासा...

**ठाणे :** उत्पाद शुल्क विभाग में नौकरी हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारी के नाम वाले फर्जी पत्र का इस्तेमाल करने के आरोप में ठाणे पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल आबकारी विभाग के एक शीर्ष अधिकारी की मुहर और नामवाला फर्जी पत्र ठाणे सिविल अस्पताल को भेजा गया था, जिसमें विभाग के लिए चुने गए दो उम्मीदवारों की मेडिकल जांच का निर्देश दिया गया था। मेडिकल टेस्ट किया गया और बाद में उम्मीदवारों को जिले के मुरबाड और शाहपुर क्षेत्रों में उत्पाद शुल्क उप-निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। एक शिकायत ने नियुक्ति के संबंध में धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों का खुलासा किया।

# सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद भी बीएमसी चुनाव में तीन-चार महीनों का समय लगना तय

**मुंबई :** महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन के बाद से ही बीएमसी समेत अन्य महानगरपालिकाओं के चुनाव को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। लेकिन, 22 जनवरी को होने वाली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद भी चुनाव से पहले होने वाली प्रक्रिया में तीन-चार महीनों का समय लगना तय है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। ऐसे में, चुनाव मई से पहले होना मुश्किल है। सुप्रीम कोर्ट में 22 जनवरी को लोकल बॉडी के चुनाव को लेकर सुनवाई होनी है, जिस पर सभी की निगाहें हैं।

कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद भी चुनाव से पहले चार चरण की प्रक्रिया होनी बाकी है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार का शहरी विकास मंत्रालय, राज्य चुनाव आयोग की सहमति से प्रभाग रचना जारी करेगा। जिस पर सुझाव और आपत्ति मंगाई जाएगी, जिसमें 7 से 15 दिन का समय लग सकता है। इसके बाद, वॉर्ड के आरक्षण निकाले जाएंगे, इसमें भी सुझाव मंगाए जाएंगे। फिर अंतिम वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया के बाद चुनावी कार्यक्रम




घोषित होगा, चुनाव की घोषणा से गिनती तक के बीच भी करीब 30 दिन का समय लग सकता है। ऐसे में, इन सभी प्रक्रिया को पूरा करने में कम से कम भी तीन-चार महीने लगेंगे। यानी, चुनाव अप्रैल-मई तक ही संभव हैं। वैसे भी जून में बारिश आने के बाद चुनाव कराना संभव नहीं है। गौरतलब है कि फरवरी, 2022 से ही बीएमसी समेत कई महानगरपालिका में नगरसेवक नहीं हैं।

**बीजेपी और उद्धव सेना तैयारी में जुटी**

बीएमसी की सत्ता हासिल करना बीजेपी का लंबे समय से सपना रहा है। हालिया विधानसभा चुनाव में जबर्दस्त सफलता के बाद पार्टी बीएमसी चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। पार्टी जल्द ही सभी वॉर्ड में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए मुहिम शुरू करने की तैयारी में है। आशीष शेलार के मंत्री बन जाने के बाद मुंबई में पार्टी को नया अध्यक्ष भी मिलने की संभावना है।


वहीं, उद्धव सेना भले ही पूरे राज्य में अपना जलवा नहीं बिखेर सकी लेकिन मुंबई में उसके 10 विधायक चुनकर आए हैं, जो कि पूरे राज्य में जीते 20 विधायकों की संख्या के आधे हैं। पार्टी हाईकमान ने हारे हुए सभी उम्मीदवारों से मुलाकात कर वजहें भी तलाशी है और उसी दिशा में प्रयास भी शुरू कर दिए हैं। दादर के हनुमान मंदिर का मुद्दा भी पार्टी की बदली रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# बीएमसी ने प्रॉपर्टी टैक्स भरने की डेडलाइन 31 दिसंबर तय की

## टैक्स न भरने पर 1 जनवरी से 2% दंड वसूला जाएगा...

**मुंबई :** बीएमसी ने प्रॉपर्टी टैक्स भरने की डेडलाइन 31 दिसंबर रात 12 बजे तक तय कर दी है। यदि बकाएदारों ने इस दौरान प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरा, तो 1 जनवरी, 2025 से बीएमसी दंड वसूल करेगी। बीएमसी बकाया राशि पर 2% दंड वसूल करेगी। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि लोगों को प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने में आसानी हो इसके लिए सभी वॉर्ड कार्यालय (नागरिक सुविधा केंद्र) शनिवार, 30 दिसंबर को सुबह 8 बजे से रात 10 बजे और 31 दिसंबर को सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक खुले रहेंगे।

बीएमसी ने वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में 6200 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने का लक्ष्य रखा है। लेकिन अब तक बीएमसी के खजाने में 3582 करोड़ रुपये (58%) ही जमा हो पाए हैं। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि यदि बकाएदारों ने इस दौरान टैक्स नहीं भरा, तो कठोर दंड लगाया जाएगा।




अधिकारी के अनुसार राज्य सरकार ने बीएमसी द्वारा मुंबई में प्रॉपर्टी टैक्स का रेट बढ़ाने का प्रस्ताव वापस कर दिया था। अप्रैल, 2024 से सितंबर, 2024 और अक्टूबर, 2024 से मार्च, 2025 तक छह-छह महीने का भुगतान प्रॉपर्टी धारकों को एक साथ भेजा गया है। नियमित टैक्स भरने वालों के साथ ही वर्षों से टैक्स न भरने वाले डिफाल्टरों से भी टैक्स वसूलने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

अधिकारी ने बताया कि ऑक्ट्रॉय बंद होने के बाद बीएमसी की आय का प्रमुख स्रोत प्रॉपर्टी टैक्स है, लेकिन तमाम नोटिस पर जो प्रॉपर्टी धारक टैक्स नहीं भरते, उनके खिलाफ बीएमसी सख्त हो रही है। वर्ष 2023-24 में 4500 (संशोधित) करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स वसूली का रखा था। बीएमसी ने 4689 करोड़ रुपये वसूले थे, जो लक्ष्य से अधिक था। इसी तरह वर्ष 2022-23 में 4,800 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने का लक्ष्य था, जिसमें 5575 करोड़ रुपये वसूल हुए थे।

## घाटकोपर पश्चिम में दर्दनाक हादसा...

### टेम्पो चालक ने 5 लोगों को कुचल दिया... महिला की मौत!



**मुंबई :** घाटकोपर पश्चिम में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक टेम्पो चालक ने 5 लोगों को कुचल दिया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई है, वहीं 4 अन्य लोग घायल हैं। घटना तकरीबन शाम के 6:30 बजे की है। घायलों को नजदीकी राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल जारी है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबित, हादसा चालक को दौरा पड़ने की वजह से हुआ है। टेम्पो चलाते समय चालक को अचानक दौरा पड़ा जिससे उनसे टेम्पो से अपना नियंत्रण खो दिया और पांच लोगों को टक्कर मार दी। टेम्पो की टक्कर लगते ही वहां चीख पुकार मचने लगी। लोनों ने तुरंत घायलों को उठाया और अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने फिलहाल टेम्पो चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## लश्कर का वांछित आतंकवादी; 26/11 के मुंबई हमलों के साजिशकर्ता अब्दुल रहमान मक्की की मौत!

**मुंबई :** मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं में शामिल हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की मौत हो गई। मक्की हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का रिश्तेदार था और प्रतिबंधित जमात-उद-दावा का उपप्रमुख भी था। उसने शुक्रवार को लाहौर में दिल का दौरा पड़ने से दम तोड़ दिया। पाकिस्तान के टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मक्की लश्कर का वांछित आतंकवादी था। वह लश्कर नेता हाफिज सईद का साला भी था। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो मक्की पिछले कुछ दिनों से बीमार था और लाहौर के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। उसका शुगर लेवल काफी बढ़ा हुआ था।

**'वैश्विक आतंकवादी' भी घोषित**

मई 2019 में मक्की को पाकिस्तान में गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद उसे लाहौर में नजरबंद कर दिया गया था। 2020 में एक पाकिस्तानी अदालत ने उसे आतंकी वित्तपोषण से जुड़े मामलों में भी दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद से उसकी अधिक चर्चा नहीं हुई। जनवरी 2023 में मक्की को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से भी 'वैश्विक आतंकवादी' भी घोषित किया गया था। इसके तहत उसकी संपत्ति जब्त की गई, यात्रा पर प्रतिबंध लगाया गया और हथियार पर प्रतिबंध लगाए गए। मक्की ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के लिए आतंकियों को फंड मुहैया कराया था। हमले में 166 लोग मारे गए थे। हमले के खिलाफ सेना की कार्रवाई में कुल नौ आतंकवादी भी मारे गए थे। इस दौरान एक आतंकवादी आमिर अजमल कसाब को जिंदा पकड़ा लिया गया था।



**भारत में सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर था**

मुंबई आतंकी हमलों के अलावा मक्की लाल किला हमले में शामिल होने के कारण भारत में सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर था। लाल किले पर हमले की घटना को 22 दिसंबर, 2000 को अंजाम दिया गया था। इस हमले में भी मक्की का ही हाथ था। हमले में लश्कर के छह आतंकवादियों ने लाल किले पर धावा बोला था और किले की सुरक्षा कर रहे सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की थी।

## कुर्ला के वाजिद अली कंपाउंड में प्लास्टिक और स्क्रैप गोडाउन में आग



**मुंबई :** मुंबई के कुर्ला में शनिवार सुबह आग की एक घटना सामने आई है। जहां प्लास्टिक और स्क्रैप के गोडाउन में भीषण आग लग गई। घटना की की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर दमकल की 8 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। आग की यह घटना कुर्ला के वाजिद अली कंपाउंड में बने गोडाउन में हुई। सुबह 6 बजे गोडाउन में अचानक आग लग गई। गनीमत है कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है।

## 28 वर्षीय सोनाली शेख बांग्लादेश डिपोर्ट... बांग्लादेशी नागरिकों की तलाश



**मुंबई :** अपराधी अपने आप को कितना भी होशियार समझ ले, लेकिन कानून के शिकंजे से बहुत दिनों तक दूर नहीं रह सकता है. कुछ ऐसा ही 28 साल की सोनाली शेख के साथ हुआ. वह समझ रही थी कि वह अपनी चालाकी से भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को धोखा देकर अपने मंसूबों को पूरा करने में कामयाब हो जाएगी. और, वह बहुत हद तक अपने मंसूबों को पूरा करने में कामयाब भी हो गई थी.

दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, अपने मंसूबों के तहत, उसने पहले भारतीय सीमा को गैरकानूनी तरीके से पार किया और फिर मुंबई के लिए निकल गई. बीते छह वर्षों से वह पहले मुंबई और फिर दिल्ली को अपना ठिकाना बनाकर रहती रही. फिलहाल, वह दक्षिण पश्चिम जिला में छिपी हुई थी. बीते दिनों, दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस की कार्रवाई में एंटी नारकोटिक्स यूनिट सोनाली शेख की भनक लग गई. भनक लगते ही पुलिस ने छापेमारी कर 28 वर्षीय सोनाली शेख को हिरासत में ले लिया. पूछताछ में सोनाली शेख ने बताया कि वह मूल रूप से बांग्लादेश के सिंगशोलपुर गांव की रहने वाली है. वह बीते छह सालों से पहले मुंबई और फिर दिल्ली के अगल-अगल इलाकों में गैरकानूनी तरीके से रह रही थी. इस खुलासे के बाद पुलिस ने सोनाली शेख को विदेशी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन के मामले में कार्रवाई शुरू कर दी. पुलिस सूत्रों के अनुसार, 28 वर्षीय सोनाली शेख से पूछताछ के बाद उसे बांग्लादेश के लिए डिपोर्ट कर दिया गया है.

## ठाणे में लड़की का अपहरण और उसे शादी के लिए मजबूर करने के आरोप में 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में एक लड़की का अपहरण करने और उसे शादी के लिए मजबूर करने के आरोप में 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उनमें से सात की पहचान कर ली गई है। 18 वर्षीय शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसे सबसे पहले मंदिर दर्शन के बहाने गुजरात में नवसारी ले जाया गया था। उसके बाद उसे एक रिश्तेदार के घर पर ले जाया गया। लड़की ने नाबालिग को बताया कि रिश्तेदार उसपर एक आरोपी से शादी के लिए दबाव बनाने लगे। 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com